महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र)
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अन्तर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(A Central University Established by Parliament by Act No.3 of 1997)
नैक द्वारा **'A'**ग्रेड प्राप्त

मनोज कुमार द्विवेदी
Manoj Kumar Dwivedi
अनुभाग अधिकारी
Section Officer

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दिनांक : 14/09/2022

प्रकाशनार्थ

'स्वच्छता पखवाड़े' में की गई कंप्यूटर प्रयोगशाला की साफ–सफाई

प्रयागराज। 14 सितंबर। 'स्वच्छ भारत अभियान' को जन आंदोलन बनाने में मा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन को एक अभियान के रूप में साकार करने में लगे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के कुलपति आचार्य रजनीश कुमार शुक्ल के निर्देशन में चल रहे 'स्वच्छता पखवाड़ा' कार्यक्रम के अंतर्गत आज चौदहवें दिन विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र, झूंसी, प्रयागराज के अकादमिक निदेशक आचार्य अखिलेश कुमार दुबे के नेतृत्व में आज विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कंप्यूटर प्रयोगशाला में श्रमदान किया गया। इस मौके पर अकादमिक निदेशक आचार्य अखिलेश कुमार दुबे ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ आम नागरिकों को भी इस अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि – आज के तकनीक के युग में ई-सामग्री, कंप्यूटर का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक हो गया है। पठन-पाठन के क्षेत्र में किताबी ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान आवश्यक रूप से होना चाहिए। कागज रहित कार्यालय संस्कृति की दिशा पर जोर देते हुए उन्होंने डिजिटलीकरण के क्षेत्र में प्रयास करने की पहल पर जोर दिया। रख-रखाव में सुधार के साथ साफ-सुथरे विश्वविद्यालय परिसर और कागज की खपत में कमी से स्वच्छता सुनिश्चित होगी।

इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. आशा मिश्रा, सह–समन्वयक डॉ. सत्यवीर, डॉ. अख्तर आलम, डॉ. हरप्रीत कौर, डॉ. यशार्थ मंजुल, डॉ. विजया सिंह समेत विश्वविद्यालय के कर्मचारी/अधिकारी – मनोज कुमार द्विवेदी, शंभूदत्त सती, जयेन्द्र जायसवाल, सुभाष श्रीवास्तव, राहुल त्रिपाठी, रश्मि, प्रत्यूष शुक्ल, देवमूर्ति द्विवेदी, बिरजू प्रसाद, जगजीवन राम प्रजापति, रोहित कुमार, अभिषेक, पीताम्बर आदि ने बढ़–चढ़कर अपना योगदान दिया।

मनोज 14/09/2022

(मनोज कुमार द्विवेदी)

2022/09/14 14:54